RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 अंक 347 नागौर, 29 नवम्बर, 2022 (मंगलवार) मूल्य 5 रुपया पृष्ठ 4 E-Edition

आरोपी आफताब पर हमले की कोशिश

एफएसएल दफ्तर के बाहर वैन को बनाया गया निशाना

नई दिल्ली

TATA
DELHI
ANI

श्रद्धा मर्डर केस को लेकर दिल्ली पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई है। इसी कड़ी में मुख्य आरोपी आफताब की वैन पर दिल्ली में हमला किया गया है। बताया जा रहा है कि चार पांच लोगों ने आफताब के वैन पर हमला कर दिया।

यह हमला एफएसएल कार्यालय के बाहर हुआ है। इसकी वीडियो भी वायरल हो चुकी है। बताया जा रहा है कि आफताब के वैन के बाहर लोग तलवार लेकर खड़े थे। जिस तरीके से लोग वहां खड़े थे, उससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि अगर आफताब उनके हाथ लग जाता तो वह उसे नहीं बख्शते। ऐसा उनकी ओर से कहा भी जा रहा था। श्रद्धा मर्डर केस को लेकर लोगों में आफताब को लेकर गुस्सा काफी ज्यादा है। आफताब को पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री ले जाया गया था। वही इस पर हमले की कोशिश की गई है। कुछ लोगों ने तो आपका आपकी गाड़ी का पीछा तक किया है। दिल्ली में एफएसएल कार्यालय के बाहर श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला को ले जा रही पुलिस वैन पर हमला करने वाले दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस ने आफताब द्वारा युवती का शव काटने के लिए कथिततौर पर इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने 27 वर्षीय वालकर की वह अंगूठी भी बरामद कर ली है जिसे पूनावाला ने कथित रूप से दूसरी महिला को दे दिया था। सूत्रों ने बताया कि पूनावाला के पॉलीग्राफ टेस्ट (लाई डिटेक्टर जांच) का बचा हुआ सत्र फिलहाल रोहिणी स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में चल रहा है।

चीन में जिनपिंग गद्दी छोड़ो के नारे लगे : सख्त लॉकडाउन के खिलाफ 13 शहरों में प्रदर्शन, अनलॉक करने की डिमांड

बीजिंग।

चीन में जीरो कोविड पॉलिसी के खिलाफ लोग सड़क पर उतर आए हैं। बीजिंग से शुरू हुए ये प्रदर्शन अब 13 बड़े शहरों तक पहुंच गए हैं। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए लाठी चार्ज से लेकर लोगों को गिरफ्तार कर रही है, लेकिन लोगों का गुस्सा खत्म नहीं हो रहा है। रविवार की रातभर लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान लोग नारेबाजी करते हुए लॉकडाउन हटाने और आजादी देने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा– हमें फ्रीडम ऑफ प्रेस, फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन, फ्रीडम ऑफ मूवमेंट चाहिए। हमें हमारी आजादी दे दो। लोग राष्ट्रपति शी जिनपिंग से इस्तीफा मांग भी कर रहे हैं।

पहले समझते हैं, ये प्रदर्शन क्यों हो रहे हैं

चीन में लगातार कोरोना बढ़ रहा है। 27 नवंबर को कोरोना के 40 हजार मामले सामने आए हैं। ये अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। चीन में अब एक्टिव केस का आंकड़ा 3 लाख के पार हो गया है। इसके चलते शी जिनपिंग सरकार ने कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं।

सख्त लॉकडाउन से 66 लाख लोग घरों में कैद है। ये लोग खाने के सामान के लिए भी बाहर नहीं निकल सकते। रोज होने वाले कोविड टेस्ट से भी नाराजगी बढ़ रही। जो लोग सरकार के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

कच्छ में पीएम के निशाने पर कांग्रेस

कांग्रेस ने कच्छ के लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया : पीएम मोदी

अहमदाबाद।

कच्छ में रैली करने पहुंचे पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कच्छ तक पानी नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने आगे कहा कि मैं जब गुजरात का मुख्यमंत्री बना तो मैंने कसम खाई थी कि कच्छ तक पानी पहुंचाकर रखूंगा। मैंने कोशिश शुरू की तो नर्मदा प्रोजेक्ट पर अड़ंगा लगा दिया। कई सालों तक हमें पानी के लिए तरसाया। कांग्रेस ने षड़यंत्र किया कि कच्छ तक पानी नहीं पहुंचे। लेकिन, मैंने अपनी शपथ पूरी की। उन्होंने कहा– कांग्रेस मतलब क्या? आगे कहा कांग्रेस का मतलब है कच्छ की दुश्मन। गुजरात दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी सोमवार को पालीताणा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनकी पदयात्रा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा– जिन लोगों ने गुजरात में नर्मदा का पानी रोकने की कोशिश की। कई सालों तक हमें पानी की एक–एक बूंद के लिए तरसा दिया। आज उन्हीं लोगों के कंधे पर हाथ रखकर पदयात्रा निकाली जा रही है।

दरअसल, हाल ही में राहुल गांधी पदयात्रा के दौरान नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर के कंधे पर हाथ रखकर चलते नजर आए थे। इसके बाद से ही पीएम गुजरात की चुनावी रैलियों में इस बात का जिक्र कर रहे हैं।

पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का चार-चार सभाएं

गुजरात विधानसभा चुनाव में धुआंधार प्रचार में जुटे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह 4–4 जनसभाएं की। पीएम कच्छ के अंजार, जामनगर के गोरधनपुर, भावनगर के पलिताणा और राजकोट में रैलियों को संबोधित किया। गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद और वडोदरा सहित चार जगहों पर चुनावी प्रचार किया। वहीं, दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल भी सूरत में रोड शो किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मेहसाणा की सभा में कहा– कांग्रेस सरकार में देश का हाल ये था कि रोजाना पाकिस्तान से आलिया–मालिया हिंदुस्तान में घुस आते थे। उनके हमलों से रोजाना हमारे जवान शहीद होते थे। लेकिन पीएम मोदी के आने के बाद सब रुक गया।

भाजपा सरकार से पाकिस्तान भी डरता है, क्योंकि हमारे जवान घर में घुसकर मारकर आए थे। वहीं, इकोनॉमी के मामले में भी सोनिया–मनमोहन ने देश को 11वें नंबर पर रखा हुआ था। पीएम मोदी के राज में आज हमारा देश दुनिया में पांचवे नंबर पर आ गया है।

खड़गे का मोदी पर तंज- हम अछूत हैं

चुनावी सभा में बोले- तुम्हारी चाय कोई पीता तो है; मेरी तो चाय भी नहीं लेता

सूरत।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला है। गुजरात में प्रचार के लिए पहुंचे खड़गे ने रविवार को सूरत की रैली में खुद को अछूत और प्रधानमंत्री को झूठों का सरदार बताया। खड़गे ने कहा– प्रधानमंत्री खुद को गरीब कहते हैं, लेकिन मुझसे बड़ा गरीब कौन होगा, मैं तो अछूत हूं।

खड़गे ने सूरत की सभा में जो कुछ कहा, उसे हम ज्यों का त्यों यहां पेश कर रहे हैं। खड़गे बोले, आपके जैसा आदमी, जो हमेशा क्लेम करते हैं, मैं गरीब हूं। अरे भाई, हम भी गरीब हैं। हम तो गरीब से गरीब हैं। हम तो अछूतों में आते हैं। कम से कम तुम्हारी चाय तो कोई पीता है, मेरी चाय भी नहीं पीता कोई। और फिर आप बोलते हैं– मैं गरीब हूं। मेरे को किसी ने गालियां दीं, मेरी तो हैसियत क्या है।

झूठों के सरदार हैं और कहते हैं कांग्रेस ने देश को लूटा- खड़गे

खड़गे ने कहा, मोदी और शाह पूछते हैं कि कांग्रेस ने पिछले 70 सालों में क्या किया अगर 70 साल में काम नहीं करते, तो हम आज लोकतंत्र नहीं पाते। ऐसी बात कह–कहकर अगर आप सहानुभूति पाने की कोशिश करें तो लोग अब होशियार हो गए हैं, उतने बेवकूफ नहीं हैं। एक बार चलता है, एक बार अगर झूठ बोलेंगे तो सुन लेंगे। दो बार भी बोलेंगे तो भी सुन लेंगे। कितने बार बोलेंगे, झूठ पर झूठ। ये झूठों के सरदार हैं। और उस पर कहते हैं ये देश को लूट रहे कांग्रेस वाले।

गुजरात सरकार पर आरोप- अमीरों के साथ मिलकर लूट रहे हैं

खड़गे यहीं नहीं रुके, उन्होंने गुजरात की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, आप गरीबों की जमीन लूट रहे हैं और आदिवासियों को जमीन नहीं दे रहे हैं। जमीन, पानी और जंगल कौन खत्म कर रहा है? आप अमीर लोगों के साथ मिलकर हमें लूट रहे हैं।

गुजरात में बदलाव नहीं ला पाए, सीएम जरूर बदल दिया

सोमवार को भी चुनावी सभा में कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर से बीजेपी पर आरोप लगाए। खड़गे बोले– गुजरात में बीजेपी के राष्ट्रीय नेता वार्ड–वार्ड घूम रहे हैं। 27 साल के शासन के बाद भी पीएम, गृहमंत्री और उनके अन्य राज्यों के सीएम यहां आ रहे हैं और लोगों को गुमराह करने के लिए भड़काऊ भाषण दे रहे हैं। इसके पीछे वजह डर है। राज्य में बदलाव लाने के बजाय, उन्होंने सीएम बदल दिया। छह साल में तीन सीएम बदले गए।

जयपुर में बड़ी जनसभा करेंगे नड्डा: वसुंधरा, पूनिया समेत सभी बड़े नेता एक साथ दिखेंगे, एकजुटता का मैसेज देंगे

जयपुर। 1 दिसम्बर को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जयपुर में बड़ी जनसभा होगी। नड्डा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रथ यात्रा को बीजेपी का झंडा दिखाकर रवाना करने आएंगे। आदर्श नगर के दशहरा मैदान में बड़ा मंच लगेगा। कार्यक्रम में 10 हजार से ज्यादा बीजेपी कार्यकर्ता और लोग इकट्ठा किए जाएंगे। यहां से दोपहर करीब 1 बजे 51 रथों को झण्डा दिखाकर नड्डा जिलों और विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना करेंगे। प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे 200 रथ जाएंगे। दशहरा मैदान पर जेपी नड्डा की जनसभा के लिए बीजेपी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में बीजेपी राजस्थान कोर कमेटी के सभी नेता शामिल होंगे।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब

जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कड़े कदम उठाने की तैयारी में केंद्र सरकार

नई दिल्ली।

देश में जबरन धर्मांतरण का मुद्दा काफी गर्म है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार का रुख जानने की कोशिश की थी। अब केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में साफ तौर पर कहा है कि जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाने के लिए कदम उठा रहे हैं। सरकार की ओर से जो जवाब दाखिल किया गया है उसके मुताबिक वह इस मुद्दे की गंभीरता से अवगत है। अपने जवाब में सरकार ने कहा कि धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार में दूसरे लोगों को धर्मांतरित करना शामिल नहीं है। केंद्र ने साफ तौर पर कहा है कि धार्मिक स्वतंत्रता का मतलब धोखाधड़ी, प्रलोभन व अन्य माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति का धर्म परिवर्तन कराना नहीं है। केंद्र ने यह भी बताया है कि फिलहाल 9 राज्यों में इस तरह के कानून लागू है जिसमें ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक तथा हरियाणा शामिल है। केंद्र के मुताबिक यहां धर्मांतरण कानून बना हुआ है। इसके अलावा केंद्र ने यह भी कहा है कि महिलाओं और आर्थिक तथा सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों सहित कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस तरह के अधिनियम की आवश्यकता है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने जबरन धर्मांतरण को 'बहुत गंभीर' मुद्दा करार देते हुए केंद्र से कहा था कि वह इसे रोकने के लिए कदम उठाए और इस दिशा में गंभीर प्रयास करे।

कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि जबरन धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो ''बहुत मुश्किल स्थिति'' पैदा होगी, क्योंकि वे राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों के धर्म और अंत:करण की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा था कि सरकार प्रलोभन के जरिए धर्मांतरण पर अंकुश लगाने के लिये उठाए गए कदमों के बारे में बताए।

कोटा में करंट से जिंदा जले 2 युवक

बैक करते समय हाईटेंशन बिजली तार से टकराई गाड़ी, ड्राइवर-साथी की मौत

कोटा।

कोटा में दो युवक करंट की चपेट में आकर जिंदा जल गए। दोनों बोरिंग की गाड़ी में बैठे थे। साइड में लगाने के लिए गाड़ी पीछे करते समय मशीन का पाइप हाईटेंशन बिजली के तार से टच हो गया और बिजली का तार सड़क पर गिर गया।

इस दौरान ड्राइवर का साथी नीचे उतरा तो वह करंट की चपेट में आ गया। 11चिङ्क की लाइन छूते ही उससे शरीर में आग गई। वह चिल्लाने लगा, इस पर ड्राइवर बचाने दौड़ा और वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों आग से जलने लग गए और वहीं गाड़ी के टायरों के पास गिर गए।

देखते–देखते गाड़ी में भी आग लग गई। ड्राइवर और उसके साथी के हाथ–पैर और चेहरे बुरी तरह से झुलस गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा कोटा के सिमलिया थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे हुआ।

सूचना पर पुलिस, स्छरू दीगोद, तहसीलदार मौके पर पहुंचे। हादसे की जानकारी ली। हादसे में झालावाड़ के रहने वाले ड्राइवर कमलेश (35) करीब 80 फीसदी और चितौड़ के रहने वाले पप्पू सिंह (35) लगभग 60 फीसदी झुलस गए थे। पप्पू बोरिंग मशीन का ऑपरेटर था।

सिमलिया एसएचओ भंवर सिंह ने बताया– बोरिंग मशीन की गाड़ी में 2 लोग सवार थे। ये बोरिंग करने के लिए आए थे। सुबह के वक्त चाय पीने के लिए उन्होंने पानी के पॉइंट के पास गाड़ी रोकी थी। धर्म कांटा के पास गाड़ी को खड़ी करने के लिए साइड में लगाने के लिए ड्राइवर गाड़ी को आगे–पीछे कर रहा था। वहीं पास से 11 केवी की बिजली लाइन निकल रही थी। इसी दौरान बोरिंग मशीन के पाइप से बिजली का तार टूट गया। तार टूटकर जमीन पर गिरा और जैसे ही एक युवक उतरा, उसे करंट लग गया। गाड़ी के साथ एक जीप भी थी। जीप में इनका साथी नानूराम सवार था। वह दूध की थैली लेने दुकान पर रुक गया था। नानूराम ने बताया– रात को 3 बजे हम कोटा की तरफ से आए थे। क्रेशर के पास गाड़ी खड़ी करके सो गए थे। सुबह खान की झोपियों की तरफ बोर करने जाना था। सुबह 7 बजे करीब क्रेशर से रवाना होकर धर्मकांटा तक पहुंचे। मैं जीप में पीछे आ रहा था। रास्ते मे दूध लेने लगा था।

साथी मौके पर पहुंचा दो दोनों जल रहे थे–नानूराम ने बताया कि दूध की थैली लेकर वह मौके पर पहुंचा तो गाड़ी की केबिन में आग लगी थी। पास में ही जमीन पर बिजली का तार टूटा हुआ पड़ा था। मौके पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। गांववालों की मदद से पहले बिजली बंद करवाई।

जयपुर में पार्षदों का धरना छठें दिन भी जारी

जयपुर।

जयपुर नगर निगम हेरिटेज के पार्षदों का आज भी धरना जारी रहा। पार्षदों को जो समितियां बनाने का सात दिन का समय मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने दिया था वह आज पूरा हो गया। अब पार्षदों ने 2 दिन यानी बुधवार तक का समय दिया है। बुधवार के बाद अगर समितियों नहीं बनती तो पार्षद सीएम हाउस का कूच करेंगे और वहां अपनी बात मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समक्ष रखेंगे।

आज धरने के छठे दिन आज भी जारी रहा। धरने पर बैठे पार्षदों ने बताया– कमेटियां नहीं बनने से अफसर हावी हो रहे हैं। इस कारण शहर में जनता से जुड़े काम नहीं हो रहे। कांग्रेस पार्षद उमर दराज ने बताया– प्रताप सिंह खाचरियावास और महेश जोशी जब पहले और दूसरे दिन यहां आए थे, तब उन्होंने 6 दिन में कमेटियां बनाने का आश्वासन दिया था।

देश में 24 घंटे में मिले कोरोना के 291 नए मामले, एक्टिव केसों में आई कमी

नई दिल्ली।

भारत में लगातार कोरोना वायरस के मामलों में कमी देखने को मिल रही है। भारत में बीते 24 घंटों में कोविड–19 के 291 नए केस सामने आए हैं। एक दिन पहले रविवार को देश में कोरोना संक्रमण के 343 नए मामले मिले थे। कल के मुकाबले आज करीब 52 केस कम मिले हैं।

बता दें कि देश में आज मिले 291 केसों के साथ कोविड–19 के कुल मामले बढ़कर 4,46,71,853 हो गए हैं, जबकि सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 5,123 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों के दौरान केरल में दो लोगों की मौतें हुई है। इसी के साथ ही देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,614 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, सक्रिय मामले कुल संक्रमणों का 0.01 प्रतिशत हैं, जबकि कोविड–19 के लिए राष्ट्रीय रिकवरी दर बढ़कर 98.80 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा 24 घंटे की अवधि में सक्रिय कोविड–19 केसलोड में 140 मामलों की कमी दर्ज की गई है। जबकि बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसके अलावा मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई है।

सम्पादकीय

चयन पर टकराव

सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के बीच लंबे समय से खींचतान चली आ रही है। एक बार फिर केंद्रीय कानून मंत्री ने रेखांकित किया है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति की लिए बनी कालेजियम संविधान की मंशा के अनुरूप नहीं है। यह व्यवस्था तीस साल पहले नहीं थी, तब सरकार ही जजों की नियुक्ति किया करती थी। केंद्र सरकार फिर से वही व्यवस्था वापस लाना चाहती है। कालेजियम को लेकर बहस एक बार फिर इसलिए छिड़ गई है कि सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा है कि निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में उसने क्या प्रक्रिया अपनाई है। मौजूदा केंद्र सरकार अपने पिछले कार्यकाल में ही कालेजियम व्यवस्था को समाप्त करना चाहती थी, मगर कानूनी अड़चनों की वजह से ऐसा नहीं कर पाई। हालांकि ताजा उठे विवाद के संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश ने संविधान दिवस के मौके पर कहा कि संवैधानिक लोकतंत्र में कालेजियम समेत कोई भी संस्था परिपूर्ण नहीं है और इसका समाधान मौजूदा व्यवस्था के भीतर काम करना है। दरअसल, कालेजियम व्यवस्था इसलिए बनाई गई थी कि सरकार की तरफ से की जाने वाली जजों की नियुक्ति में राजनीतिक स्वार्थ देखा जाने लगा था। इसलिए जब मौजूदा सरकार ने कालेजियम व्यवस्था समाप्त करने का प्रस्ताव रखा, तो फिर वही तर्क सिर उठाने लगे कि अगर सरकार जजों की नियुक्ति करेगी, तो उसे राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रखने का भरोसा नहीं दिया जा सकता। कालेजियम व्यवस्था में जज ही जजों की नियुक्ति करते हैं। इसलिए बार-बार कहा जाता है कि इस तरह उन्हें पक्षपात करने का मौका मिलता है।

उदाहरण के तौर पर कई नाम गिनाए जाते हैं, जो एक ही परिवार से चले आ रहे हैं। पिता न्यायाधीश रह चुका है, तो उसका बेटा भी जज बन जाता है। इसी तरह मित्रता और रिश्तेदारी निभाने के आरोप भी लगाए जाते हैं। हालांकि कालेजियम व्यवस्था में न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में वैसी अंधेरगर्दी का उदाहरण शायद ही किसी के पास हो, जैसी सरकार द्वारा दूसरे महकमों के प्रधान का चयन करते समय देखी जाती है। ताजा प्रकरण निर्वाचन आयुक्त का है, जिसमें चौबीस घंटे के भीतर सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इसलिए आशंका जताई जाती रही है कि सरकार द्वारा चुने जाने वाले जजों में निष्पक्षता का अभाव हो सकता है। हालांकि उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति में सरकार की भागीदारी भी होती है, पर अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भेजे गए नामों में से कुछ नामों पर सरकार सहमति नहीं देती और कई बार अपेक्षाकृत कनिष्ठ को वरिष्ठता क्रम में आगे बढ़ा दिया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय की साख अभी बनी हुई है, तो इसीलिए कि उसने खुद को काफी हद तक राजनीतिक दबावों से मुक्त रखा है। कालेजियम व्यवस्था के पक्षधर विशेषज्ञों की इस राय को दरकिनार नहीं किया जा सकता कि न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार इसलिए न्यायाधीशों को दिया गया कि वे उनकी योग्यता और प्रतिबद्धता को बहुत नजदीक से जानते हैं। बेशक उनकी नियुक्ति में परिवारवाद के कुछ उदाहरण मिल जाते हैं, पर इस नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर भी कड़े नियम-कायदे बने हुए हैं, इसलिए मनमानी नहीं हो पाती। फिर भी ताजा टकराव को देखते हुए इस विषय पर नए सिरे से और गंभीरता पूर्वक विचार की जरूरत है कि अगर जज, जजों की नियुक्ति नहीं कर सकते, तो फिर सारी नियुक्तियों को राजनीतिक दखलंदाजी से मुक्त क्यों नहीं किया जाना चाहिए।

पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई

भारत 2021 में पहली बार 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ था। वहीं अमेरिका सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में पहली बार शामिल था। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आयोजित यूएनईपी के काप-25 में यह रिपोर्ट जारी की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार सत्तावन उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों में से इकतीस में उत्सर्जन का स्तर कम होने के रुझान दर्ज किए गए थे। इन्हीं देशों से नब्बे फीसद कार्बन का उत्सर्जन होता रहा है। इस सूचकांक ने तय किया है कि कोयले की खपत में कमी सहित कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस सूचकांक में चीन में भी मामूली सुधार आया था, वह तीसवें स्थान पर था। जी-20 देशों में ब्रिटेन सातवें और भारत नौवें स्थान पर था, जबकि आस्ट्रेलिया इकसठ और सऊदी अरब छप्पनवें पर थे। अमेरिका खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में इसलिए आ गया था, क्योंकि उसने जलवायु परिवर्तन की खिल्ली उड़ाते हुए इस समझौते से बाहर रहने का निर्णय लिया था। इसलिए कार्बन उत्सर्जन रोकने पर उसने कोई प्रयास ही नहीं किया। अगर भारत जीवाश्म ईंधन पर दी जा रही सबसिडी को चरणबद्ध तरीके से कम करता चला जाए, तो कोयले पर उसकी निर्भरता कम हो जाएगी।

कोयले से बिजली उत्पादन में सबसे ज्यादा ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित होती हैं। इस दिशा में भारत ने पचास करोड़ एलईडी बल्बों का प्रयोग किया है, जिससे कार्बन डाईआक्साइड में ग्यारह करोड़ टन की कमी लाने में सफलता मिली है। इसकी अगली कड़ी में सघन औद्योगिक इकाइयों की ऊर्जा खपत को तीन वर्षीय योजना के तहत घटाया जा रहा है। मगर अमेरिका ने कोयले की चुनौती से निपटने का अब तक कोई उपाय नहीं किया है। मिस्र के शर्म अल-शेख में आयोजित काप-27 जलवायु शिखर सम्मेलन में अमीर देश इस बात पर राजी हो गए हैं कि वे पृथ्वी पर बढ़े वैश्विक तापमान से हुए नुकसान की भरपाई करेंगे। अमेरिका समेत अन्य अमीर देशों ने इस जलवायु समझौते पर सहमति दे दी है। इसका उद्देश्य विकासशील देशों को हुए नुकसान के रूप में भुगतान करना है। इसके पहले विकसित देश इस समझौते पर चर्चा तक को राजी नहीं होते थे। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को इस सम्मेलन से ही अलग कर लिया था। दरअसल, इन देशों को भय था कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए उन्हें कानूनन जवाबदेह ठहराया जा सकता है। अब समझौते को लागू करने के लिए 2023 में चौबीस देशों के प्रतिनिधियों की एक समिति बनाई जाएगी। यह समिति तय करेगी कि अधिक मात्रा में कार्बन उत्सर्जन के लिए जो देश जिम्मेदार हैं, उनसे कितना धन लिया लाए। इस पर्यावरण सम्मेलन में प्रतिनिधि इस बात को लेकर चिंतित थे कि एक साल पहले ग्लासगो में संपन्न हुई काप-26 में जो सहमति मीथेन गैस के उत्सर्जन पर नियंत्रण को लेकर बनी थी, उस पर उचित क्रियान्वयन नहीं हुआ। किस देश में कितनी मीथेन उत्सर्जित हो रही है, इसे नापा ही नहीं गया। मगर अब संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने घोषणा की है कि उपग्रहों के जरिए हर देश में मीथेन उत्सर्जन की मात्रा पर निगरानी रखी जाएगी। कार्बन डाईआक्साइड के बाद मीथेन ही ऐसी दूसरी गैस है, जो सबसे ज्यादा प्रदूषक है। तापमान को वायुमंडल में रोकने के लिए यह सीओ-2 से अस्सी गुना ज्यादा सक्षम मानी जाती है। धान की खेती और पशुओं की जुगाली इसके उत्सर्जन के बड़े कारण हैं। अब तक ऐसी कोई तकनीक विकसित नहीं हो पाई है, जिससे इस गैस के उत्सर्जन में कमी लाई जा सके।

चूंकि भारत कृषि प्रधान देश है और बड़ी मात्रा में धान की फसल उगाई जाती है, इसलिए भारत 2070 तक धान उत्पादन को प्रभावित ही नहीं करना चाहता। अगर काप-27 में हुए समझौते के मुताबिक भारत को होने वाले नुकसान का मुआवजा मिलता है, तो भविष्य में वह धान उत्पादन में कमी लाने का प्रयास कर सकता है। इसके लिए किसानों को आर्थिक मदद देनी होगी। हालांकि ग्लासगो में एक सौ तीस से अधिक देशों ने 2030 तक मीथेन के उत्सर्जन को कम करने का वादा किया था, लेकिन वह पूरा नहीं हो पाया। भारत में अब तक ऊर्जा आवश्यकताओं और पर्यावरण सरंक्षण के बीच संतुलन साधने के बावजूद कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजंसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2018 में 22.99 करोड़ टन कार्बन डाईआक्साइड पैदा हुई, जो 2017 की तुलना में 4.8 फीसद अधिक थी। भारत में इस बढ़ोत्तरी का कारण

उद्योगों और विद्युत उत्पादन में कोयले का बढ़ता उपयोग था। अर्थव्यवस्था को गति देने और आबादी के लिए ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयले के उपयोग पर एकाएक अंकुश लगाना मुश्किल है। लिहाजा, वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भारत की भागीदारी सात फीसद थी, जो अब घटनी शुरू हो गई है। इसका प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वैश्विक औसत का करीब चालीस फीसद है। यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि एलईडी बल्ब और सौर ऊर्जा के उपयोग पर बल दिया गया। ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर मुफ्त दिए गए। इससे लकड़ी के ईंधन पर ग्रामीण भारत की निर्भरता कम हो गई। अगर कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण बना रहता है, तो भारत प्रदूषण से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई देगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि पिछले दिनों ग्रीनपीस की रिपोर्ट में बताया गया था कि विश्व के तीस सर्वाधिक प्रदूषित नगरों में से बाईस भारत में हैं। औद्योगिक संयंत्रों और वाहनों से निकलने वाला धुआं इस प्रदूषण की मुख्य वजह हैं। हालांकि भारत जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से बचने के लिए इलेक्ट्रानिक कार, सौर और वायु ऊर्जा तथा न्यूनतम कार्बन पैदा करने वाली प्रौद्योगिकी पर लगातार जोर दे रहा है। इटली में जी-7 की शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने तब भारत और चीन पर आरोप लगाया था कि इन दोनों देशों ने विकसित देशों से अरबों डालर की मदद लेने की शर्त पर समझौते पर दस्तखत किए हैं। लिहाजा, यह समझौता अमेरिका के आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाला है। यही नहीं, ट्रंप ने आगे कहा था कि भारत ने 2020 तक अपना कोयला उत्पादन दो गुना करने की अनुमति भी ले ली है। वहीं चीन ने कोयले से चलने वाले सैकड़ों बिजलीघर चालू करने की शर्त पर दस्तखत किए हैं। साफ है, यह समझौता अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है। अब ताजा रिपोर्ट से साबित हुआ है कि भारत ने कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश प्रतिबद्धता का प्रमाण दे दिया है। यहां यह भी उल्लेखनीय कि पेरिस समझौते के बाद 2015 में भारत को हरित जलवायु निधि से कुल उन्नीस हजार करोड़ रुपए की मदद मिली, जिसमें अमेरिका का हिस्सा महज छह सौ करोड़ रुपए था। ऐसे में ट्रंप का यह दावा नितांत खोखला था कि भारत को इस निधि से अमेरिका के जरिए बड़ी मदद मिल रही है। अमेरिका में कोयले से कुल खपत की सैंतीस फीसद बिजली पैदा की जाती है।

प्रदेश समाचार

कल्याण सिंह कालवी की जयंती समारोह की जोर शोर से तैयारी

पंचायत(नागौर डेली न्यूज़)।

क्षत्रिय सेवा समिति के तत्वाधान मे आगामी 4 दिसबंर को डेगाना के दशहरा मैदान पर स्व कल्याण सिंह कालवी जयंती समारोह का बडे स्तर पर आयोजन किया जायेगा। क्षत्रिय सेवा समिति अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि दशहरा मैदान में आने वालों के लिए विशाल टेंट लगाया जा रहा है। वाहन पार्किंग व जल पान व्यवस्था आदि का काम तेज गति से किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतिभा सम्मान के लिए डेगाना क्षेत्र से आने वाली प्रतिभाओं की सूची तैयार की जा रही है। इस दौरान किरोदा गांव में समाज के प्रबुद्धजन शिवप्रताप सिंह, पन्ने सिंह इंदा, प्रताप सिंह, शंकर सिंह भाटी, गिरवर सिंह, छोटू सिंह, सुमेर सिंह भाटी, शक्ति सिंह भाटी, घनश्याम सिंह डोटोलाई, करण सिंह, पूर्व सरपंच अमर सिंह, गजेंद्र सिंह, अभय सिंह, महेंद्र सिंह, मनोहर सिंह, बहादुर सिंह सहित लोगों ने समारोह की तैयारी पर विचार-विमर्श किया।

विधायक आवास पर सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश

मेहबूब खोखर

कुचेरा.(नागौर डेली न्यूज़) = डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा ने सोमवार को शहर के स्थित अपने निजी आवास पर जनसुनवाई रखी।

आईटी सेल दीपक अग्रावत ने बताया कि आस पास के गांवों से व शहर के विभिन्न वार्डो से लोग पहुँचे ओर अपनी समस्या बताई। विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेगाना विधानसभा क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने पेयजल व बिजली की समस्या से अवगत कराया। इसके अलावा कई लोगों ने पानी, बिजली व सड़कों की समस्याओं से अवगत कराकर समाधान करवाने की मांग की। इस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

सरकारी योजनाओं से आमजन हो लाभान्वित : शर्मा

एसडीएम गौरी शंकर शर्मा ने ली अधिकारियों की बैठक

रियांबड़ी(नागौर डेली न्यूज़)।

कस्बे के पंचायत समिति सभागार में साप्ताहिक बैठक का आयोजन सोमवार को उपखण्ड अधिकारी रियांबड़ी गौरीशंकर शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपखंड अधिकारी शर्मा द्वारा राजस्व विभाग से नामांतरण, भूमि आवंटन, पंचायतीराज विभाग में वर्तमान में मनरेगा में चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई। विद्युत विभाग से ढीले तारो की समस्या तथा बिजली कनेक्शन के बकाया आवेदन के निस्तारण, चिकित्सा विभाग से टीकाकरण, पीएचईडी में वॉटर सप्लाई, आयुर्वेद विभाग में औषधि वितरण, सामाजिक सुरक्षा विभाग में पालनहार, पेंशन आदि की समीक्षा की गई एवं प्रगति में सुधार हेतु दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान तहसीलदार महेश कुमार शेषमा, विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़, सहायक विकास अधिकारी नंदकिशोर टाक, डॉ एस एस दिवाकर, डॉ संदीप मिश्रा, ए ई एन अनवर मोहम्म्मद, भीकाराम बेरवाल, दौलतराम, राकेश कुमार, सीबीईओ असलम अली, सीडीपीओ डीआर कुमावत, प्रोग्रामर बिकेश सिंह, इमरान कुरेशी, सुनील कुमार, संतोष देवी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पाने के लिए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य

शौकत खान

डेगाना(नागौर डेली न्यूज़)। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए सभी किसानों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है । उसके बाद ही कृषकों के आधार आधारित बैंक खातों में ही आगामी 13वीं किश्त से लाभान्वित किया जायेगा ।

तहसीलदार सज्जनराम ने जानकारी देकर बताया की भारत सरकार के द्वारा आगामी किश्त राशि कृषकों के आधार आधारित बैंक खातों में ही हस्तान्तरित की जावेगी। इसलिए कृषकों द्वारा अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करवाना जरूरी है।

उन्होंने किसानों से आह्वान कर भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिन कृषको नें प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई केवाईसी नहीं करवायी है। तथा बैंक खातो को आधार लिंक नही करवाया है वह अविलम्ब अपने नजदीकी ई-मित्र से अथवा मोबाईल से ई केवाईसी करवाये एवं सम्बन्धित बैंक शाखा से बैंक खातो को आधार से लिंक करवाएं।

वनाधिकार दावों का किया जाए शत-प्रतिशत निस्तारण : उषा

जयपुर। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम- 2006 के अंतर्गत राज्य में प्राप्त वनाधिकार दावों का शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वनाधिकार प्रकरणों का 3 माह की समय सीमा में आवश्यक रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर 2022 तक कुल एक लाख 13 हजार 899 दावे प्राप्त हुए। इन दावों में प्राप्त व्यक्तिगत 1 लाख 11 हजार 208 दावों में से एक लाख 09 हजार 534 (98.49 प्रतिशत) तथा 2 हजार 691 सामुदायिक दावों में से 2 हजार 570 (95.50 प्रतिशत) दावों का निस्तारण किया गया है। मुख्य सचिव सोमवार को शासन सचिवालय में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा वनाधिकार अधिनियम- 2006 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय निगरानी समिति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित 16 वीं बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। श्रीमती शर्मा ने प्रतापगढ़ एवं बारां जिले में लंबित वनाधिकार प्रकरणों की अधिक संख्या होने पर संबंधित जिला कलेक्टर को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनाधिकार के प्रकरणों की प्रविष्टि एमआईएस पोर्टल पर दर्ज की जाए।

Download The Nagaur Daily News App
अपने एन्ड्राइड मोबाइल फोन में
Nagaur Daily App
NAGAUR DAILY NEWS
अहसास बदलाव का.....
www.nagaurdaily.com
Unbiased, Trusted News Coverage
डाउनलोड करें और पाएं नागौर जिले की सभी लोकल खबरें हाथों-हाथ
साथ ही पाएं प्रतिदिन नागौर डेली न्यूज ई-पेपर बिल्कुल निःशुल्क
DOWNLOAD THE APP
Google Play

आज का राशिफल

मेष

आज आप परिजनों के साथ मिलकर घरेलू मामलों में महत्वपूर्ण विचार विमर्श करेंगे। ऑफिस के काम के लिए यात्रा पर जाने की संभावना है। माता तथा स्त्री वर्ग की तरफ से लाभ होने की संभावना है।

वृषभ

विदेश में रहने वाले स्वजन या मित्रों का समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्नता का अनुभव करेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अनुकूल संयोग बनेंगे। लंबी दूरी की यात्रा करने का अवसर आएगा।

मिथुन

ऑफिस या व्यावसायिक स्थल पर कार्य भार बढ़ेगा। व्यापार-धंधे में लाभ होने की संभावना है। स्वास्थ्य सामान्य रूप से मध्यम रहेगा। आज का दिन प्रतिकूल है, अतः आज आप हर काम सावधानी से करें।

कर्क

आज किसी नए काम का आरंभ न करें। गुस्से के कारण कुछ अनिष्ट न हो, इसका खास ध्यान रखें। रोगी कोई नया इलाज या शल्य चिकित्सा आज न करवाएं। अपने व्यवहार पर संयम रखने की कोशिश करें।

सिंह

अधिक खर्च होने से हाथ तंग रह सकता है। घर या ऑफिस में वाणी पर संयम रखने से झगड़ा या विवाद टाल सकेंगे। किसी कारण समय पर खाना नहीं मिलेगा। ईश्वर की आराधना से शांति मिलेगी।

कन्या

आज का संपूर्ण दिन आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजन से भरा हुआ रहेगा। मित्रों से रोचक भेंट होगी। आनंद-प्रमोद के साधन, वस्त्र इत्यादि की खरीद हो सकती है। प्रणय संबंधों में सफलता मिल सकती है।

तुला

उत्तम भोजन, वाहन-सुख के योग हैं। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार के क्षेत्र में भी लाभदायी दिन रहेगा। तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। घर में शांति का वातावरण रहेगा। दफ्तर में सहकर्मियों से कम सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक

दैनिक कामों में कुछ रुकावटें आएंगी। शत्रुओं तथा विरोधियों की वजह से परेशानी होगी। उच्च अधिकारियों के साथ विवाद टालें। महिलाओं को मायके की चिंता रह सकती है। आप में आज उदासीनता रहेगी।

धनु

आज आप संतान को लेकर चिंतित रहेंगे। मन विचलित रह सकता है। पेट से संबंधित कोई बीमारी या दर्द रह सकता है। विद्यार्थियों का आज दिक्कत आएगी। आकस्मिक खर्च की संभावनाएं हैं।

मकर

आज के दिन आप मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। आज आप कुछ अधिक ही भावुक रहेंगे। मन में उठ रहे विचारों के कारण कुछ परेशान रह सकते हैं। माता तथा स्त्री के विषय में चिंता सताएगी।

कुंभ

प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। नींद पूरी नहीं होने से आपको चिंता रहेगी। पारिवारिक एवं जमीन-जायदाद के मामलों में सावधानी बरतें। आज पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। किसी नए काम की शुरुआत कर पाएंगे।

मीन

साथियों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। मित्रों और स्वजनों से भेंट हो सकती है। किसी भी काम में आज आपको सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ एवं भाग्यवृद्धि के योग हैं। भाई-बहनों से लाभ होगा।

सिवरेज कार्य की कछुआ चाल ने बढाए अस्थमा एवं आंखों में एलर्जी के रोगी

छह माह से अधूरा पड़ा कार्य, पूर्ण होने पर लोगों को संदेह

सद्दाम रंगरेज



कुचामनसिटी(नागोर डेली न्यूज़) । शहर में सीवर परियोजना लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। सीवर प्रभावित एरिया में सड़कों पर उड़ रही धूल लोगों के लिए बहुत बड़ा सिरदर्द बन गई है। विशेष बात यह है कि स्टेशन रोड पर पिछले छह माह से सिवरेज कार्य पूरा नहीं हो पाया है। यही हालात अम्बेकर सर्किल से उपखण्ड कार्यालय तक है।

यह मार्ग शहर की हर्टलाइन कहा जाता है लेकिन छह माह से सिवरेज कार्य की कछुआ चाल ने आमजन को परेशान कर दिया है। स्टेशन रोड स्थित पारीक कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, बस स्टैण्ड क्षेत्र, लुहारिया बास, डीडवाना रोड स्थित बागड़ा कॉलोनी, आथूणां दरवाजा, मिर्धा नगर सहित शहर के अधिकांश इलाकों के लोग अनियन्त्रित एवं अयोजनाबद्ध कार्य से परेशान है। सीवर लाइन बिछाने के नाम पर ठेका कंपनी की मनमर्जी इतनी हावी हो गई है कि यहां धूल के गुबार अब इलाकेवासियों को बीमारियां देने लगे हैं। रही कही कसर सड़कों के अमानक निर्माण ने पूरी कर दी है। सड़कों पर गड्ढे और उड़ रही धूल प्रत्येक वर्ग के लिए परेशानी का सबब बन गई है। इस प्रदूषण से दमा और अस्थमा के मरीज अधिक परेशानी में है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले छह माह से उड़ रही धूल ने उन्हें अस्थमा का मरीज बना दिया है।

प्रदूषण मापने का यंत्र नहीं : प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रक अधिनियम के अनुसार 24 घंटे में धूल के अधिकतम 100 कण पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन) से अधिक नहीं होना चाहिए। धूल के कण का भार 10 माईक्रेन से अधिक नहीं होना चाहिए लेकिन शहर में जिस प्रकार से धूल उड़ रही है, वह इस मानक से काफी अधिक है। शिक्षा नगरी में प्रदूषण मापने की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होने से प्रदूषण की मात्रा की जानकारी नहीं लग पाती।

आंखों में एलजी के रोगी भी बढ़े : चिकित्सकों के अनुसार चिकित्सालय में प्रतिदिन जितने मरीज आते है, उनमें बड़ी संख्या में मरीज आंखों में एलर्जी से संबंधित होते है। इस रोग का एक कारण शहर से उड़ रही धूल है। धूल के कारण आंखों के अलावा और भी कई प्रकार की बीमारियां हो रही है। लोगों को धूल से बचाव के लिए मास्क लगाना पड़ रहा है।

दुकानदार बेहद परेशान

धूल से जहां राहगीरों और दुकानदारों को काफी तकलीफ हो रही है, वहीं वाहन चालक वाहन चलाने में असमर्थ हो रहे है। कस्बे में स्टेशन रोड एवं डीडवाना रोड पूरी तरह खराब पड़ी है। हालांकि सड़क पर पानी का छिड़काव कराया जाता है लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा है। दुकानदार अपनी दुकान के सामने स्वयं पानी का छिड़काव करते है, परन्तु यातायात अधिक होने से वो भी थोड़ी देर ही राहत दे पा रही है।

दुकानदारी चौपट

दुकानदारों का कहना है कि जगह-जगह निर्माण कार्य के लिए लगे निर्माण सामग्री के ढेर उनकी दुकानदारी को चौपट कर रहे हैं। इससे उनकी दुकानदारों पर खासा प्रभाव पड़ रहा है। वाहन चलने से निर्माण सामग्री एवं मिट्टी एक साथ उड़ती है। निर्माण कार्य की गति इतनी धीमी है कि लोगों को इसके पूरा होने में भी सस्पेंस लग रहा है।

नागौर जिम्नास्टिक टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भीलवाड़ा रवाना

सद्दाम रंगरेज

कुचामनसिटी(नागोर डेली न्यूज़) । शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तर विद्यालयी छात्र-छात्रा जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 14 वर्ष का आयोजन गत दिनों कुचामन ब्लॉक के ग्राम गुगडवार में हुआ।

नागौर जिले के चयनित छात्र-छात्राओ का पूर्व प्रशिक्षण शिविर जिम्नास्टिक कोच बाबूलाल कमेडिया के निर्देशन में 25 नवम्बर से 27 नवम्बर तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय,आसपुरा में सम्पन्न हुआ। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आसपुरा में छात्र-छात्राओं ने जिम्नास्टिक के सम्पूर्ण उपलब्ध खेल सामान पर जमकर खेल अभ्यास किया, जिसमें छात्र जिम्नास्टिक उपकरण वोल्टिंग टेबल, फ्लोर एक्सरसाइज, हाई बार, रोमन रिंग, पॉमल होर्स, पेरेलल बार तथा छात्रा वर्ग खिलाड़ियों ने ऐनी वन बार, बीम बार, फ्लोर एक्सरसाइज एवं वोल्टिंग टेबल पर जिम्नास्टिक कोच बाबूलाल कमेड़िया के दिशा-निर्देश में जमकर खेल अभ्यास किया तथा इनके अलावा वार्म अप एक्सरसाइज, कंडीशनिंग, फेकसिबल एक्सरसाइज का अभ्यास किया। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय पूर्व प्रशिक्षण के बाद नागौर की छात्र-छात्राओं की टीम 29 नवम्बर से 3 दिसम्बर 2022 तक यूरो एकेडमी, सुखाड़िया स्टेडियम के पास, भीलवाड़ा में राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेंगी। छात्र टीम में विष्णु कुमावत, नीरज, कार्तिक, मोहित, मनीष, संजीव भींचर, विक्रम कुमावत तथा छात्रा वर्ग में रवीना, अनामिका, निकिता, निशा, पूजा, हर्षिता, पूजा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित की गई। नागौर टीम के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मुख्य जिला शिक्षाधिकारी नागौर द्वारा बाबूलाल कमेड़िया, चन्दूराम, शौकीनराम को दल प्रभारी तथा मंजू देवी को दलाधिपति नियुक्त किया गया है। जिम्नास्टिक टीम 28 नवम्बर को भीलवाड़ा के लिए रवाना हुई।

आसुराम डुकिया को मिली ए.बी.वी.पी. की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह

सद्दाम रंगरेज

कुचामनसिटी(नागोर डेली न्यूज़) । एबीवीपी के जयपुर में सम्पन्न तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में जंजीला निवासी आसुराम डूकिया को राष्ट्:ीय कार्यकारिणी में दायित्व मिला है। पूर्व में राज्य विश्वविद्यालय संयोजक, महानगर मंत्री, सहमंत्री, इकाई अध्यक्ष सहित प्रदेश में बड़े दायित्वों का निर्वहन कर चुके है। किसान परिवार से जुड़े डूकिया लंबे समय से ग्रामीण छात्रहितो के लिए संघर्ष कर रहे है। डूकिया को राष्ट्:ीय कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है। उन्हें यह दायित्व मिलने पर युवाओं ने ढोल-नगाड़ो के साथ माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना का शुभारम्भ आज

सद्दाम रंगरेज

कुचामनसिटी(नागोर डेली न्यूज़) । मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री निश्शुल्क यूनिफॉर्म योजना का 29 नवम्बर को प्रात 11 बजे राजकीय सोनी देवी सोमानी उच्च माध्यमिक विद्यालय में समारोह पूर्वक शुभारम्भ होगा। सी.बी.ई.ओ. जगदीश रॉय ने बताया कि इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहेंगे।

जुआ खेलते दो जने गिरफ्तार

सद्दाम रंगरेज

कुचामनसिटी(नागोर डेली न्यूज़) । पुलिस ने दो जनों को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार इस सम्बन्ध में असफाक खान पुत्र फारूक खान (50) निवासी खान मौहल्ला कुचामनसिटी तथा रतनलाल पुत्र घासीराम जाति कुमावत (53) निवासी मोतीरामजी की कोठी कुचामनसिटी को कर्बला तिराहे के पास जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। मुल्जिमानों ने 52 पत्ते ताश एवं 410 रुपये बरामद किए गए।

गंभीर जानलेवा बीमारी से पीड़ित बच्चों का सरकार वहन करें खर्च

-स्पाइनल मस्कुलर एंट्रॉपी नामक बीमारी ग्रस्त रोगियों के इलाज पर आता हैं 22 से 72 लाख का खर्चा

सुशिल दिवाकर

मेड़तासिटी(नागौर डेली न्यूज) - शहर के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओ ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर गंभीर जानलेवा बीमारी से पीड़ित बच्चों के इलाज का खर्च सरकार सहन करने की मांग की है। अख्तर हुसैन, ठेकेदार रियाज़ खान, मोहम्मद शरीफ पठान, हाजी कमरूद्दीन रज़ा, यूनिक अध्यक्ष शौकत अली भाटी ने ज्ञापन देकर जानलेवा दुर्लभ बीमारी स्पाइनल मस्कुलर एंट्रोपी से पीड़ित बच्चों के उपचार करवाने की मांग की है।ठेकेदार अख्तर हुसैन ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा बनाए गए पोर्टल राज संबल पर आज तक कुल 13 एसएमए से पीड़ित बच्चों का पंजीयन करवाया हुवा है लेकिन धन की पर्याप्त व्यवस्था नही होने से सभी एसएमए मरीजों का इलाज संभव नहीं हो पा रहा है वही एसएमए से पीड़ित बच्चों की दिन-प्रतिदिन बीमारी बढ़ती जा थी है और यह बीमारी जानलेवा घातक है ! मरीज के पास वर्षो इन्तेजार करने का समय नही है ! इस बीमारी के इलाज के लिए पिछले 4 वर्षो में तीन नई दवाइयां यूएस एफडीए द्वारा खोजी गई है इन जीवन रक्षक औषधियों में से रोचेज द्वारा निर्मित एवरिसडी नामक दवा है जिसको एफडीए फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन यूएसए द्वारा अगस्त 2020 में भारत में व्यवसायिक स्वीकृति भी मिल चुकी है डीसीजीआई द्वारा अनुमोदित भी किया गया है परंतु दवा बहुत महंगी होने के कारण रोगी के परिजन उस दवा को खरीदने में असमर्थ है !

यह बच्चे हैं एसएमए से पीड़ित

मेड़ता निवासी अख्तर हुसैन ने बताया कि इस बीमारी से ग्रसित दक्ष गुर्जर, रूफियत, प्रियंका शर्मा, रंजीत चौधरी, शंकर लाल चौधरी, एशजारा, कुणाल सिंह, शेरील गुप्ता, आरती श्रीवास्तव, अर्ष खान, तनिष्क सिंह, खुशवीर भडाणा, नवीन सहित कुल 13 बच्चों के उपचार के लिए पंजीयन हो रखा है लेकिन दवा बहुत महंगी होने के कारण उपचार नहीं हो पा रहा है सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर सरकार से यह मांग की है की इन बच्चों के इलाज के लिए सरकार खर्च उठाने वह इलाज की व्यवस्था करवाने की मांग की है।

नागौर जिला अग्रवाल महिला मण्डल की बैठक सम्पन्न

प्री वेडिंग शूट पर रोक लगाने तथा भोजन की बर्बादी रोकने पर हुआ नागौर

सद्दाम रंगरेज

कुचामनसिटी(नागोर डेली न्यूज़) । नागौर जिला अग्रवाल महिला मंडल की बैठक जिला अध्यक्ष खुशी अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, अग्रवाल महिला मंडल कुचामनसिटी की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पूर्व सचिव विनीता अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, अनिता अग्रवाल एवं नवा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन नावां स्वाति बंसल सम्मिलित हुए। बैठक का शुभारम्भ उपस्थित सदस्यों का माल्यार्पण कर एवं दुपट्टा पहनाकर किया गया। तत्पश्चात सभी सदस्याओं ने अपनी अपनी योग्यता के साथ परिचय दिया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य नागौर जिला महिला मंडल एवं कार्यकारिणी मेंबर्स का गठन किया जाना रहा। जिला अध्यक्ष खुशी अग्रवाल ने बताया कि हर महीने हर तहसील में सरकारी स्कूल के जरूरतमंद बच्चों के लिए नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। इसके साथ सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई, जिनमें मुख्य चर्चा शादियों में होने वाले फिजूल खर्च भोजन की बर्बादी, प्री वेडिंग शूट पर रोक पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विनीता अग्रवाल के निर्देशन में मनोरंजक गेम्स सम्पन्न हुए, जिसमें ज्योति अग्रवाल प्रथम एवं कुसुम अग्रवाल द्वितीय रही। जिला अध्यक्ष खुशी अग्रवाल ने दोनों विजेताओं को पुरस्कृत किया।

मण्ढावाला परिवार के विवाह समारोह में शामिल हुई कई हस्तियां

सद्दाम रंगरेज



कुचामनसिटी(नागोर डेली न्यूज़) । शहर के नया शहर निवासी ग्रेनाइट व्यवसायी बालकिशन मण्ढावाला की पुत्री पूजा के विवाह समारोह में कई राजनैतिक एवं प्रशासनिक हस्तियां शामिल हुई।

जानकारी के अनुसार विवाह समारोह में पाली सांसद पी.पी. चौधरी, पूर्व विधायक भाटी, पूर्व विधायक हरीश कुमावत, युवा नेता मुकेश कुमावत सहित कई जनप्रतिनिधियों, नेताओं, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा व्यवसाइयों ने शिरकत की। उल्लेखनीय है कि संजूदेवी बालकिशन मण्ढावाला की पुत्री का शुभ विवाह ज्योति-विनोदकुमार पित्ती की पुत्र पराग के साथ सोमवार को हर्षोल्लास पूर्वक पाली में सम्पन्न हुआ।

56वीं जिला स्तरीय सब जूनियर बालिका कबड्डी टूर्नामेंट्स की विजेता रही मारोठ टीम

विजेता टीम का गांव में पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

हितेश रारा

मारोठ(नागौर डेली न्यूज़) - नागौर जिले के 56वीं जिला स्तरीय बालिका ओपन कबड्डी प्रतियोगिता रविवार को सम्पन्न हुई हैं जिसमें सब जूनियर वर्ग की विजेता टीम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मारोठ की टीम रही । यह टूर्नामेंट्स वागीश्वरी विद्या मंदिर मारवाड़ मूंडवा में 27 नवबंर को सम्पन्न हुआ जिसमें मारोठ टीम ने फाइनल मुकाबले में वी.टी.मूण्डवा टीम को 12 पाइंट्स से हराकर यह खिताब अपने नाम किया । अपने शानदार प्रदर्शन व डिफेंस के बदौलत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मारोठ की टीम ने यह ट्राफी अपने नाम की । टीम के कोच व वरि.शा.शिक्षक शंकर लाल मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय बालिका सब जूनियर टूर्नामेंट में महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल की टीम बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में पहुंची और मूंडवा टीम को हराकर ट्राफी अपने नाम की । मारोठ टीम के चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय टूर्नामेंट्स खेलने के लिए जिले की टीम में सलेक्शन भी हुआ है। इसके साथ ही जायल में 24 नवम्बर को सम्पन्न हुए विधिक सेवा बालिका कबड्डी टूर्नामेंट्स में इस विद्यालय की टीम उपविजेता रही है। साथ ही सानिया चौधरी 66 वीं राज्य स्तरीय महिला कबड्डी टूर्नामेंट्स धौलपुर में खेलकर लेकर लौटी है। टीम के मारोठ पहुंचने पर बालिकाओं के उत्साह वर्धन व स्वागत के लिए विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक मंगल चन्द घोसलिया ने एक लघु कार्यक्रम आयोजित कर खिलाड़ियों का स्वागत किया । इस कार्यक्रम में मारोठ पी.ई.ई.ओ. केदारमल शर्मा, विद्यालय की संस्था प्रधान बेबी पंवार, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता शंभू गौड, दिनेश जोशी, लोकेश बैरवा, अजय गौड, पिंकी सैनी, नीलम कुमावत,कबड्डी प्लेयर भारती उमरिया व सुमन चौधरी तथा विद्यालय स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों का माला पहनकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया । विद्यालय की संस्था प्रधान बेबी पंवार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं व मारोठ पी.ई.ई.ओ. केदारमल शर्मा ने बालिकाओं को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित करते हुए बधाइयां दी । शंभू गौड ने कोच शंकरलाल मीणा को इस जीत का श्रेय देते हुए धन्यवाद दिया ।

टिटनेस टीकाकरण शिविर सम्पन्न, 32 श्रमिक लाभान्वित

सद्दाम रंगरेज

कुचामनसिटी(नागोर डेली न्यूज़) । राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत एवं एल एण्ड टी के सहयोग से आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जैन के निर्देशन में सोमवार को सी.डब्ल्यू.आर. साइट पांचवा रोड में परियोजना कार्यों में कार्यरत श्रमिकों के टिटनेस टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 32 श्रमिकों को टिटनेस का टीका लगवाकर लाभन्वित किया गया। कैम्प के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने श्रमिकों को बताया कि टिटनेस का इंजेक्शन बहुत ही प्रभावी होता है और लम्बी अवधि तक सुरक्षा प्रदान करता है। टिटनेस के इंजेक्शन में एक शक्तिशाली टॉक्साइड होता है और किसी भी प्रकार का घाव आने पर प्रभावी रूप से रक्षा करता है, साथ ही विषैले पदार्थ को पैदा करने से बेक्टीरिया को रोकता है। उन्होंने परियोजना में कार्यरत श्रमिकों को टिटनेस का टीकाकरण अवश्य कराने की सीख दी। कैम्प के विकास शर्मा ने श्रमिकों को बताया कि साइट पर कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करें और अपने आस पास साफ सफाई का ध्यान रखें एवं गन्दगी से फैलने वाली बीमारियों के बारे में और उनसे होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक नुकसानों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एल. एण्ड टी. के कम्पाउन्डर अनीश खान तथा किशन सिंह का कार्यक्रम में सहयोग रहा।

शिक्षक संघ युवा शाखा ने विधायक को सौपा ज्ञापन

रमेश जाजड़

जायल(नागौर डेली न्यूज) - शिक्षक संघ युवा उपशाखा जायल की ओर से स्थानीय विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल को उप प्रधानाचार्य सीधी भर्ती की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हुक्मीचंद कड़वासरा ने बताया कि राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 2021 के अनुसार राजस्थान सरकार के द्वारा उप प्रधानाचार्य पद स्वीकृत किया गया है जिसको 100ऌ पदोन्नति से भरा जाने का प्रावधान किया गया है इससे प्रदेश में कार्यरत चार लाख से अधिक तृतीय श्रेणी द्वितीय , द्वितीय श्रेणी एवं युवा व्याख्याताओं के हितों का कुठाराघात होगा उप प्रधानाचार्य के 50% सीधी भर्ती से विभाग को युवा, ऊर्जावान,तकनीक के जानकार अधिकारी मिलेंगे , जिससे शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजनाएं विद्यालय में समय पर एवं अच्छे रूप से लागू हो सकेगी साथ ही विभाग में कार्यरत शिक्षकों को भी सेवा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा ज्ञापन में बताया कि उप प्रधानाचार्य 50ऌ सीधी भर्ती करने का प्रावधान किया जाए । इस दौरान ब्लॉक देवाराम बिडियासर, हरिराम कड़वासरा, गोपाल जाखड़, शिवराज लोमरोड़, सुखवीर लोमरोड़, महावीरसिंह चारण, धर्मनाथ सिद्ध, रामाकिशन, दिनेश, मेहराम मांगलोद,पवन कुमार पारीक, श्रीराम सैनी, प्रेम सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

रोडवेज परिचालक के साथ मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

धनेश कुमार

मौलासर(नागौर डेली न्यूज) ः सरकारी रोडवेज कर्मचारी से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है । थानाधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि आरोपी निमोद निवासी फिरोज को उसके गाँव निमोद के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया,आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने के फिराक में था। गौरतलब हो कि इस मामले में पूर्व भी दो व्यक्ति सहित दो महिला आरोपी गिरफ्तार हो चुकी है । पुलिस के अनुसार 9 अगस्त को चूरू निवासी नितिन सिकलीगर की ओर से एक रिपोर्ट दी गई थी , जिसमें बताया कि वे सरकारी रोडवेज बस चूरू डिपो में कंडक्टर की नौकरी करता है और 8 अगस्त को रोडवेज की बस में चालक भंवरसिंह के साथ अजमेर के लिए निकले थे कि डीडवाना पहुंचे तो निमोद निवासी मेहमूदा नाम की महिला बस में बैठी । इस दौरान नितिन की मेहमूदा से टिकिट की बात को लेकर कहासुनी हो गई थी । इस पर मेहमूदा ने अपने भाई फिरोज को फोन किया । प्रार्थी ने बताया कि जैसे ही बस निमोद बस स्टैंड पहुंचीं तो फिरोज अपने सात- आठ दोस्तों के साथ आया और सीधे मारपीट करने लगा , जिससे नितिन के शरीर पर कई जगह चोटें आई । प्रार्थी नितिन ने पुलिस में मारपीट और राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मुकदमा दर्ज करवाया ।

टेंडर की तारीख पर ग्राम पंचायत के मिला ताला

ठेकेदारो ने उपखण्ड अधिकारी को दी शिकायत

शोकत खान

डेगाना(नागौर डेली न्यूज) ः डेगाना पंचायत समिति की ग्रा.प. अन्तरौली कलां में विभिन्न प्रकार के विकास कार्य करवाने को लेकर सामग्री खरीद के लिए सोमवार को टेडर फार्म लेने की तारीख थी। लेकिन ग्राम पंचायत के ताला मिला ओर टेंडर की काँपी लेने के लिए पंचायत पर सरपंच ओर ग्राम सेंवक नही मिला। राजेन्द्र सिंह ने बताया की निविदा 16 नवबंर को ग्राम पंचायत आन्तरोली कलां द्वारा सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा यह विज्ञप्ति आनलाईन की गई थी। जिसकी प्रक्रिया पुरी करते हुये उन्होंने शेखावत कन्ट्रेक्सन के नाम से तथा ई-टेण्डर के लिये मेरी द्वारा आनलाईन करवाई निविदा जमा करने की दिनांक 28 नवबंर सोमवार प्रातः से 11 बजे तक ग्राम पंचायत आन्तरोली कला में मुख्यालय जाकर प्रातः 11. 30 बजे तक ताला लगा मिला । पंचायत पर सरपंच ओर विकास अधिकारी भी नही मिले। सम्पर्क करने पर मोबाईल स्विच आफ था। इस पर राजेन्द्र सिंह द्वारा उपखण्ड अधिकारी डेगाना पर उपस्थित टेंडर जमा कराने की मांग की। ओर ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

मालासी में प्रशासन ने खुलवाया कटानी रास्ता

अबूबकर बल्खी

लाडनूँ (नागौर डेली न्यूज) ः सोमवार को मालासी में प्रशासन की टीम पीला पंजा लेकर पहुंची जहां बन्द कटानी रास्ते से अतिक्रमण हटाकर खुलवाया गया है। डॉ. सुरेंद्र भास्कर तहसीलदार लाडनूँ ने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के तहत ग्राम मालासी के खसारा नम्बर 54 गैर मुमकीन रास्ता को नायब तहसीलदार मुस्ताक खान की अध्यक्षता में गठित राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर अपनी मौजूदगी में खुलवाया। इन दौरान पुलिस का जाब्ता भी तैनात रहा। कार्रवाई के दौरान टीम में भू अभिलेख निरीक्षक दीना राम तथा पटवारी पुजा खिलेरी, किशनाराम बगडिया, मांगीलाल, बनवारीलाल, गोपाल गुर्जर और रवीना कुमारी ने मय पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचकर वर्षो से अवरूद्ध पड़े कटाणी रास्ते को खुलवाकर आमजन को राहत प्रदान की।

डिप्टी सैनी ने जन सुनवाई कर लोगो की सुनी फरियाद

शोकत खान

पंचायत(नागोर डेली न्यूज़) ः पुलिस उप अधिक्षक डेगाना नंदलाल सैनी ने सोमवार को अपने कार्यालय में आने वाले लोगो से फरियादें सुनी ओर उनका निराकरण कराने के लिए संबधित अधिकारियों ओर प्रशासन से वार्ता कर हल निकालने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। सोमवार को कार्यालय मे शहर के लोगो ने उपस्थित होकर बताया की शहर मे मोटर साईकिले चोरी की वारदातें बढती जा रही है। जिस पर लगाम लगाने की मांग की। तथा बताया की पालिका प्रशासन के द्वारा शहर की सुरक्षा को लेकर पुलिस थाने डेगाना मे लगाये सीसी टीवी कैमरे बिना देखरेख के खराब चल रहै है।

जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

दो चिकित्सक व नर्स के भरोसे मौलासर का अस्पताल

कमल सैन

मौलासर(नागौर डेली न्यूज) ः चिकित्सको की कमी के चलते मौलासर का राजकीय सोमाणी अस्पताल केवल मरहम पट्टी का केन्द्र बनकर रह गया है । यहाँ केवल मरहम पट्टी कर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है तीस बिस्तर वाला मौलासर का एक मात्र राजकीय सोमानी अस्पताल जो चिकित्सको की कमी से जूझ रहा है । जिसके कारण कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के लोग परेशान है । हर छोटी मोटी बिमारियों के इलाज के लिए यहां के लोग बड़े शहर जाने को मजबूर है । किशनगढ़-हनुमानगढ़ मेगा हाइवे पर स्तिथ क्षेत्र के इस सबसे बड़े अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी है । रोजाना दूर दराज से सैकड़ों मरीज अपना इलाज करवाने मौलासर के इस अस्पताल में आते हैं । लेकिन मुठ्ठी भर डॉक्टर मरीज की केवल नब्ज देखकर ही दवा लिख देते हैं । 30 बेड वाले इस अस्पताल में कम से कम 5 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों की दरकार है सबसे बड़ी बात तो यह है कि पद स्वीकृत होने के बाद भी अस्पताल में आज तक महिला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर किसी चिकित्सक को नियुक्ति नहीं हो पाई है । ऐसे में एक जनरल फिजीशियन एवं नर्स ही नवजात बच्चों को दुनिया दिखा रहे है ।

पांच पद लंबे समय से रिक्त

सोमाणी अस्पताल में चिकित्सकों के सात पदों की स्वीकृति है जिसमे जिनमें जनरल सर्जन के पद पर डॉ शंकरलाल जाट व डॉ सुनील कुमार नियुक्त है । जबकि शेष पांच पद लम्बे समय से रिक्त चल रहे हैं । खाली पदों को लेकर जब नवज्योति संवाददाता कमल सैन ने जानकारी चाही तो डॉ . शंकरलाल जाट ने बताया कि वैसे तो हर महीने की सूचना द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है अभी हाल ही में सीएमएचओ को भी खाली पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर अवगत कराया है

350 से 400 के बीच प्रतिदिन मरीजों की होती है ओपीडी

चिकित्सालय से मिली जानकारी के अनुसार मौलासर राजकीय सोमानी अस्पताल में लगभग 350 से 400 के बीच प्रतिदिन की ओपीडी है । वही करीब 100 के बीच प्रतिमाह डिलेवरी आती है । वही महीने में 15 से ज्यादा बार पोस्टमार्टम करना पड़ता है

अस्पताल के दस्तावेज में चिकित्सकों के पद भरे हुये

जानकारी के अनुसार पूर्व में चिकित्सक पद पर लगे चिकित्सको का चयन पीजी में हो जाने के कारण उनको अस्पताल से पीजी के लिए जाना पड़ा,लेकिन दस्तावेज में आज भी मौलासर अस्पताल के दस्तावेज में उनकी उपस्थिति दर्ज है और उनको वेतन भी अस्पताल से मिल रहा है।

चिकित्सालय में मुख्य यह पद है रिक्त

जानकारी के अनुसार मौलासर सोमाणी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दंत चिकित्सक, गायनिके व सर्जन चिकित्सक की सीट खाली है जिनके कारण क्षेत्र के आस पास के मरीजो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

धूल फाक रही है सोनोग्राफी की मशीन ,लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नही

जानकारी के अनुसार अस्पताल में महीने में कम से कम 100 डिलेवरी केस आते है वही मरीजो को चिकित्सकों के परामर्श के कारण सोनोग्राफी करवानी पड़ती है बड़ी बात है कि अस्पताल में सोनोग्राफी की मशीन उपलब्ध है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नही होने के कारण आज मशीन धूल फाकती नजर आ रही है।

इनका कहना

अस्पताल में चिकित्सको की कमी को लेकर सीएमचो से बात की है उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चिकित्सको के पद पर चिकित्सक होंगे। अगर उन्होंने बात नही मानी तो ग्रामीणों सहित अस्पताल में धरना देकर बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

मदन बलारा,रालोपा नेता

नागौर डेली खबर का असर

मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर शुरू हुई जल सप्लाई

खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया रेलवे प्रशासन

एजाज़ अहमद उस्मानी

मेड़ता रोड(नागौर डेली न्यूज़) ः उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन माने जाने वाले मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2 व 3 पर लगभग 15 दिनों से पीने का पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए हमारे मेड़ता रोड संवाददाता एजाज़ अहमद उस्मानी ने 16 नवंबर को एक खबर प्रकाशित की थी जिसका शीर्षक था मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव, प्लेटफार्म संख्या 2 व 3पर नहीं ही है पीने का पानी, नामक शीर्षक से यह खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया तथा 10 दिन तक अपनी कड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद सभी लीकेज लाइनों को दुरुस्त करते हुए सोमवार को प्लेटफार्म संख्या दो व तीन पर यात्रियों के लिए पीने के पानी की सप्लाई शुरू कर दी। प्लेटफार्म पर पानी की सप्लाई शुरू होने के बाद यात्रियों सहित अन्य लोगों ने भी हमारे संवाददाता का धन्यवाद अर्पित किया। आपको बता दें कि पिछले 15 दिनों से मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो व तीन पर पीने का पानी नहीं होने से यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी सूचना हमारे संवाददाता को फोन पर मिली तो वह स्टेशन पर पहुंचे तथा यात्रियों से पानी नहीं मिलने की जानकारी प्राप्त की। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि आमजन की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य मीडिया ही कर सकता है। यात्रीयो ने कहा कि अगर मीडिया इस आवाज को नहीं उठाता तो शायद आज तक यात्रियों को पीने के पानी से वंचित रहना पड़ता। यात्रियों ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या दो व तीन पर पानी की सप्लाई शुरू होने से अब गरीब यात्रियों को महंगे भाव का पानी नहीं खरीदना पड़ेगा। रेलवे स्टेशन पर पानी की सप्लाई शुरू होने के बाद यात्रियों ने मीडिया व रेलवे रेलवे प्रशासन का आभार जताया।

मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव

असुविधाओं से जूझता नजर आ रहा है मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन

हत्या के प्रयास में सजा काट रहे मुलजिम को मकराना में किया गिरफ्तार

मोहम्मद शहजाद

मकराना(नागोर डेली न्यूज़)। रविवार को देर रात जोधपुर से दिल्ली जा रही मंडोर सुरफास्ट ट्रेन के कोच से एक आरोपी को मकराना में गिरफ्तार किया गया है। रेल्वे सुरक्षा बल के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया की कंट्रोल रूम जीआरपी जोधपुर से सूचना मिलने पर जोधपुर से दिल्ली जाने वाली मंडोर सुपरफास्ट ट्रेन के जनरल कोच में जोधपुर कमिश्नरेट (शहर) का 307 के मूल्जिम को मकराना रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात जीआरपी कांस्टेबल मुंशी मुकेश विश्नोई हुड़िया ने मंडोर के ट्रेन गार्ड जीआरपी कॉन्स्टेबल नारायण राम की सहायता से सजगता का परिचय देते हुए गिरफ्तार किया। इस दौरान मुलजिम ने खाकी वर्दी को देखकर भाग कर ट्रेन से कूदने की कोशिश की जिसको जीआरपी मुंशी मुकेश विश्नोई ने भागकर पकड़ा। मुलजिम को जीआरपी चौकी ले जाकर पूछताछ करने पर अपना नाम दशरथ पुत्र बाबूराम निवासी लोटिया जूनारदा पुलिस थाना झड़ना जिला उज्जैन मध्यप्रदेश का बताया जिसकी मकराना पुलिस थाना में सूचना दी गई। सूचना पर सब इंस्पेक्टर मिट्ठू लाल मय जाब्ता के रेल्वे स्टेशन पहुंचे जहां आरोपी मुलजिम को सुपुर्द किया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद, हेंड कॉन्स्टेबल जयप्रकाश सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

विधान सभा क्षैत्र के सभी गांवो को अच्छी सडकों से जोड़ा जायेगा : मिर्धा

सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया ओचक निरिक्षण

शौकत खान

डेगाना(नागौर डेली न्यूज़)। विधायक विजयपाल मिर्धा ने विधानसभा क्षेत्र मे चल रहे नवीन सडकों के निर्माण कार्यो का ओचक निरीक्षण किया ओर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मिर्धा ने अधिकारियो से कहा की सडकों के निर्माण में गुणवता की कमी ओर काम के प्रति लापरवाही ना बरते। ऐसी सडक कई सालों के बाद मिलती है इसलिए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये कार्य को समय पर ही पुरा करावें जिससे आम जन को लाभ मिल सके। आईटी सेल प्रभारी दीपक अग्रावत ने बताया कि रविवार को विधायक विजयपाल मिर्धा विधानसभा क्षेत्र भेरून्दा के दौरे पर रहे इस दौरान विधायक ने परबतसर से डोडीयाना के लिये बन रहे स्टेट हाईवे का ओचक निरिक्षण किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भीखाराम बेरवाल मौके पर मौजुद रहे। इस क्षेत्र मे विधायक मिर्धा की अनुशंसा पर कोड से कालवी कुम्हारन, थांवला- कोड से दौलतपुरा, मोरियाना कायमखानी ढाणी से पीह रोड एंव निम्बडी कलां से जावला मिसिंग लिंग रोड का निर्माण समय पर पुरा करने के निर्देश दिये। और थांवला वाया भेरुन्दा से डेगाना स्टेट हाईवे संख्या 60 तथा ब्यावर से निम्बीजोधा स्टेट हाईवे 59 का बचा हुआ भाग टेहला सुरवाड- भेरुन्दा का डबल रोड कार्य भी शुरु हो गया। विधायक विजयपाल ने कहा की आने वाले 6 महिनों मे डेगाना विधानसभा क्षेत्र मे सडकों का जाल बिछा दिया जायेगा जिसमे सडकों का चौडाईकरण व नवीनीकरण को लेकर आला अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई । उन्होंने कहा की विधान सभा क्षैत्र के सभी गांवों को शहरों से अच्छी सडकों से जोडा जायेगा। विधायक ने डोडीयाना मे नागौर-बीकानेर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 89 पर सथाना फांटे पर होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जताई और सथाना फांटा व डोडियाना तिराहे को दुर्घटना मुक्त क्षैत्र करने के लिये राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्रसासन को निर्देशित किया।

राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद ने सौंपा ज्ञापन

अबूबकर बल्खी

लाडनूँ (नागौर डेली न्यूज) ः राजस्व अधिकारियों के द्वारा कार्य व्यवस्था के नाम पर विसंगतियों व राजस्व अधिकारियों को बेवजह निलंबन को लेकर दो अलग-अलग ज्ञापन लाडनूँ उपखंड अधिकारी अनिल कुमार गढ़वाल के मार्फत राजस्व मंत्री रामलाल जाट व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम सौंपे गए।

तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर व नायब तहसीलदार मुश्ताक खान ने ज्ञापन में बताया कि 4 अक्टूबर को अलग-अलग मांगों को लेकर समझौते हुए थे। जिनको अभी तक लागू नहीं किया गया है। समझौते के अनुसार नवीन सीधी भर्ती के आरटीएस को जहां प्रशिक्षण के पश्चात सीधे तहसीलदार पद पर पद स्थापित करना था लेकिन ऐसा अभी तक नहीं हुआ है। राजस्व मंडल अजमेर को निर्देशित कर फील्ड में ऐसे प्रशासनिक विसंगति वाले पद स्थापन तुरंत प्रभाव से निरस्त करने की मांग की गई है। गत चार अक्टूबर को समझौते के तहत अल्पकालीन कार्य व्यवस्था के गलत प्रबंधन को खत्म कर समझौते की पालना करते हुए नायब तहसीलदार के पद को शत प्रतिशत पदोन्नति पद घोषित करते हुए भूअभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार के पद पर डीपीसी की जाए। सीधी भर्ती के आदेश को तुरंत तहसीलदार पद पर लगाया जाए। इसके अलावा विभिन्न विसंगतियों का जिक्र भी किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री के नाम लाडनूं उपखंड अधिकारी अनिल कुमार गढ़वाल को सौंपे गए ज्ञापन में बेवजह राजस्व अधिकारियों को निलंबल, एपीओ व अनुशासनात्मक में कार्रवाई को लेकर लिखा गया है। ज्ञापन में पिछले 6 माह में प्रदेश में जब भी कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो सरकार के द्वारा जिला कलेक्टर व राजस्व अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। सीकर जिले के खंडेला उपखंड अधिकारी राकेश कुमार, सीकर जिले के दांतारामगढ़ उपखंड अधिकारी व तहसीलदार को खाटू श्याम मंदिर भगदड़ में डैमेज कंट्रोल के लिए निलंबित कर दिया गया। डूंगरपुर के सागवाड़ा तहसीलदार मयूर शर्मा को बिना प्राथमिक जांच के निलंबित कर दिया गया।

इसी तरह अलवर के उपखंड अधिकारी प्यारे लाल सोठ, तहसीलदार कमल पचौरी, राजसमंद जिले के देवगढ़ तहसीलदार मुकंन सिंह सहित कई अधिकारियों को सरकार व जिला कलेक्टर के द्वारा अप्रिय घटनाओं की जिम्मेदार मानते हुए दबाव वंश इस प्रकार की कार्रवाई कर दी जाती है। इस प्रकार के मामलों में राजस्व अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करने की मुख्यमंत्री से मांग की गई है।

ग्राम सेवा सहकारी मंडल के 12 वार्डों में हुआ निर्विरोध चुनाव

जुगल दायमा

हरसौर(नागौर डेली न्यूज) ः सोमवार को निकटवर्ती ग्राम मोड़ीकलाँ में ग्राम सेवा सहकारी समिति संचालक मण्डल के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में सभी 12 वार्डो में सर्व सम्मति से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए। निर्विरोध निर्वाचन में पूर्व पीसीसी सदस्य शिवपाल सिंह मातवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वार्ड 1 से हनुमान सिंह, 2 से शंकरराम, 3 से रामचंद्र, 4 से गोविन्दराम, 5 से संतोष देवी, 6 से रामचंद्र, 7 से रामप्रकाश, 8 से मिलापचन्द, 9 से इंद्रा देवी, 10 से सुनील उड्द, 11 से सीता देवी एवं 12 से सुल्तान खान निर्वाचित हुए। आईटी केंद्र में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी सदस्य शिवपाल सिंह मातवा, कानाराम ज्याणी, इंटक जिला उपाध्यक्ष मिलापचन्द कोथ, रोड़ाराम मातवा, दातार सिंह, तुलछाराम चोयल, परमाराम, परसाराम, गजेंद्र वैष्णव, गिरधारी कटारिया, महावीर ग्वाला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com